**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 14.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राजधानी रांची में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आज होगा आयोजन, चार हजार से ज्यादा महिलाएं लेंगी हिस्सा, पदयात्रा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जताएंगी आभार।**
2. **राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए उठाया बड़ा कदम, एचआरआईएस होगा लागू, कर्मचारियों को मिलेगी सेल्फ सर्विस पोर्टल की सुविधा।**
3. **हजारीबाग और बोकारो कोषागार से करोड़ों रुपए की अवैध निकासी का मामला पहुंचा झारखंड हाईकोर्ट, जनहित याचिका दायर, सीबीआई और ईडी से जांच की मांग।**
4. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआईआर को लेकर पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के मतदाता सूची की समीक्षा की,बीएलओ को डोर–टू–डोर सत्यापन करने का दिया निर्देश।**
5. **रांची को वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल और बास्केटबाल चैंपियनशिप के चयन ट्रॉयल के आयोजन की मिली मेजबानी, कल से हरिवंश ताना भगत खेलगांव में होगी शुरुआत।**

********************

राजधानी रांची में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में चार हजार से ज्यादा महिलाएं हिस्सा लेंगी। इस मौके पर महिलाओं को इस अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। सम्मेलन के बाद महिलाओं द्वारा पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसके जरिए वे इस अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताएंगी।

********************

उधर, गढ़वा जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं के बीच हर्ष का माहौल है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट ।

********************

सरकार ने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए दस हजार करोड़ रुपये के कोष के साथ दूसरे चरण के स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स अधिसूचित कर दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत निवेश वैकल्पिक निवेश कोष पर केंद्रित होगा। यह डीप टेक स्टार्टअप और प्रारंभिक विकास चरण सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का समर्थन करेंगे।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने गढ़वा में बूढ़ा पहाड़ विकास योजना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बूढ़ा पहाड़ के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास से ही उग्रवाद का पूरी तरह से खात्मा संभव है।

********************

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए ह्यूमन रिसोर्स इनफॉरमेशन सिस्टम, एचआरआईएस लागू किया जाएगा । स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक मे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लागू करने पर सहमति बनी। वहीं कर्मचारियों के लिए सेल्फ सर्विस पोर्टल की सुविधा शुरू की जाएगी जबकि वेतन बिल का सृजन सिर्फ आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के सत्यापन के आधार पर ही किए जाने का निर्णय लिया गया।

********************

हजारीबाग और बोकारो के कोषागारों  से करोड़ों रुपए की अवैध निकासी को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड के कई जिलों में कर्मियों की सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके वेतन की अवैध निकासी होती आ रही है। जिसमें विभागीय कर्मियों के संलिप्त होने की बात सामने आई है। याचिकाकर्ता ने पूरे मामले की जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग की है।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने विशेष।गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची की समीक्षा की। उन्होंने सभी बीएलओ को डोर–टू–डोर सत्यापन और मैपिंग कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उन्होंन  मतदान केंद्रों के रजिस्टर का निरीक्षण तथा मतदाताओं के विवरण का मिलान भी किया।

********************

रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने शुल्क निर्धारण और शिकायत निस्तारण को लेकर निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रतिनिधियों के साथ  बैठक में कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों को तीन दिनों के अंदर अभिभावक शिक्षक संघ और शुल्क समिति  गठित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में किताबों और यूनिफॉर्म की बिक्री तथा री– एडमिशन शुल्क पर भी रोक लगाने का आदेश दिया।

********************

धनबाद जिला प्रशासन द्वारा 8वें पोषण पखवाड़ा को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे धनबाद संवाददाता–

********************

राजधानी रांची में मेडिकल की एक छात्रा को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है । फिलहाल पीड़िता का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं, इस मामले में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में तेजी से गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि अगले  पांच दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हो सकता है। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में  हीट वेव चल सकता है।

********************

राष्ट्रीय स्कूली खेल संगठन  ने रांची को अंडर 18 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल और बास्केटबॉल चैंपियनशिप के कोचिंग कैंप चयन ट्रायल की मेजबानी सौंपी है । यह ट्रॉयल 15 अप्रैल से राजधानी रांची के खेल गांव स्थित हरिवंश टांगा भगत इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। इस ट्रायल में देश भर के कई पुरुष और महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।। ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को वर्ल्ड स्कूल चौंपियनशिप के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का मौका मिलेगा।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अख़बारों ने उत्पाद सिपाही परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** लिखता है– फिर पिसेगा आम आदमी एलपीजी व तेल का हो सकता है वैश्विक संकट।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है झारखंड बनने के बाद ट्रेजरी से सभी निकासी की जांच।

**दैनिक भास्कर** ने रांची में बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर छात्रा से दुष्कर्म किए जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है –दो दिन के अंदर आ सकता है सीबीएसई दसवीं का परिणाम।

**********************